रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 16 जनवरी, 2026

वर्ष 02 | अंक 17 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# अपूर्णता के भाव की समाप्ति ही ईश्वर के सामीप्य की प्राप्ति है



ईश्वर प्रदत्त इस प्रकृति व मानव मात्र के जीवन को सुंदर बनाना ईश्वर का ही कार्य है, क्योंकि जिस चीज को ईश्वर ने ही निर्मित किया है उसमें बदलाव लाना हमारे हाथ में नहीं। फिर यह कैसे और क्यों कहा जाता है कि जीवन को सुंदर बनाना हमारे हाथ में है। यह तो पहले से ही सुंदर है क्योंकि ईश्वर अपनी हर रचना को जैसी जरुरत है वैसी ही सुंदरता से निर्मित करता है। बस हम मानव की दृष्टि उस सुंदरता को देख नहीं पा रही है क्योंकि हम ऊपरी सुंदरता देखते हैं आंखों से। आंतरिक सौंदर्य जो आत्मिक सौंदर्य है उसे देखने के लिए गहन ध्यान से आत्मा को जागृत करना होगा, तभी हम सृष्टि की कृतियों का आनंद ले सकते हैं।

हम सृष्टि के निर्माता को जिस भी नाम से पुकारें, भगवान कहें, अल्लाह कहें, गॉड कहें, प्रकृति कहें या अन्य किसी नाम से जाने, उसने सृष्टि को इसी तरह से बनाया है कि उसमें कोई भी कमी है ही नहीं। वह अपने आप में परिपूर्ण है। अपने आप में सुंदर है। 21 दिसम्बर 1986 के एक प्रवचन में श्री माताजी कहती हैं, 'परमात्मा ने इतनी सुन्दर सृष्टि की रचना किसलिए की है?, यह एक प्रश्न हजारों वर्षों से पूछा गया है। इसका कारण समझना अत्यंत सरल है। जिस सुन्दरता की रचना की जाती है, वह सुन्दरता स्वयं अपने आप को नहीं देख सकती। ठीक इसी तरह, परमात्मा, जो कि स्वयं सुंदरता का स्त्रोत हैं, वह परमात्मा अपनी स्वयं की सुंदरता को नहीं देख सकते, जैसे एक मोती अपनी सुंदरता देखने के लिए अपने अंदर प्रवेश नहीं कर सकता, जैसे आकाश अपनी स्वयं की सुंदरता को नहीं समझ सकता। सितारे अपनी सुंदरता को नहीं देख सकते। सूर्य अपनी चमक को नहीं निहार सकता। इसी तरह से, सर्वशक्तिमान परमात्मा भी अपने स्वयं के अस्तित्व को नहीं देख सकते। उस परमात्मा को एक दर्पण की जरूरत होती है। और यही कारण है कि उस परमात्मा ने इस सुन्दर सृजन की रचना अपने लिए एक दर्पण के रूप में की है।'' यानि जैसे हम स्वयं में सौंदर्य तलाशते हैं वैसे ही ईश्वर भी हममें स्वयं के सौंदर्य को तलाशते हैं। इसीलिए हमारी सभी आवश्यकताओं को प्रकृति पूरा करती है। जितनी भी असंगति या बुराई हम देखते हैं या उत्पन्न होती रहती हैं, वे सभी हमारे ही द्वारा बनाई गई हैं । साथ ही, हमारा मस्तिष्क इस रूप में विकसित हो जाता है कि वह हमेशा भविष्य को देखता है। हमारे मस्तिष्क के हमेशा ही भविष्य में ही दौड़ते रहने के कारण हमारे अंतर को हमेशा एक अपूर्णता की भावना घेरे रहती है। आधुनिक जीवन के तरीकों ने, भौतिकवादिता ने मनुष्यता पर बहुत नकारात्मक प्रभाव डाले हैं, अपूर्णता के एहसास ने इस भावना को और गहरा कर दिया है। साथ ही, यह गलत विश्वास भी दिलाया है कि इस अपूर्णता को पूर्ण करने के लिए आपको अधिक धन कमाना होगा, अधिक भौतिक वस्तुओं का अर्जन करना होगा।

यदि आप जीवन की सुंदरता को देखना चाहते हैं तो, थोड़े दिनों के लिए, केवल कुछ सप्ताह के लिए एक प्रयोग करके देख सकते हैं। अपने मन पर, अपने विचारों पर नजर रखने की कला, और जब भी मन भविष्य की ओर भागे तो उसे रोकने की कला सीखते हैं। एक ऐसी विधि जब हम स्वयं से कहने लगेंगे कि मैं पूर्ण हूं, मेरे जीवन में कोई भी कमी नहीं है, मैं खुश हूं, मुझे और किसी भी भौतिक वस्तु की तलाश नहीं है। कोई ऐसी वस्तु नहीं है जो मुझे पूर्ण कर सकती है, क्योंकि मैं स्वयं ही पूर्ण हूँ। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

## 'तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक'

# पीएम मोदी ने पोंगल उत्सव में लिया भाग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजधानी दिल्ली में पोंगल उत्सव में भाग लिया और इसे दुनिया की एक प्राचीन सभ्यता का प्रतिनिधित्व करने वाला वैश्विक त्योहार बताया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मोदी की उपस्थिति को दक्षिणी राज्य में मतदाताओं से संपर्क साधने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाला है।कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और राम मोहन नायडू, कई नौकरशाह और तमिल समाज की प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और इसमें सदियों की बुद्धिमत्ता और परंपरा समाहित है, जो इतिहास से सीख लेकर भविष्य का रास्ता दिखाती है। इस विरासत से प्रेरणा लेते हुए आज का भारत आगे बढ़ने में इसकी सांस्कृतिक जड़ों से मजबूती लेता है। पोंगल के इस शुभ अवसर पर हम महसूस कर रहे हैं कि भारत को आगे बढ़ाने वाली विश्वास और एकता की भावना इसकी संस्कृति से गहराई से जुड़ी है और इस भूमि के लिए गहरा सम्मान



रखती है। पोंगल का पर्व प्रकृति, परिवार और समाज के बीच सौहार्दपूर्ण संतुलन बनाकर रखने के महत्व पर जोर देता है। पीएम ने कहा कि इस पर्व पर किसानों के परिश्रम का उत्सव मनाया जाता है और पृथ्वी तथा सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाती है। पोंगल का त्योहार हमें याद दिलाता है कि कृतज्ञता केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा बन जाना चाहिए। जब धरती हमें इतना कुछ देती है, तो यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे संजोएं और इसकी रक्षा करें। दुनियाभर में तमिल समुदाय और तमिल संस्कृति को संजोने वाले लोग बड़े उत्साह से पोंगल मनाते हैं और उनके बीच आकर मैं गौरव की अनुभूति कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मिट्टी की सेहत को बनाकर रखना, जल संरक्षित करना और भावी पीढ़ियों के लिए संसाधनों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल आवश्यक है। मिशन लाइफ, एक पेड़ मां के नाम और अमृत सरोवर जैसी पहल इसी भावना पर आधारित हैं और ये हमें इन मूल्यों को कायम रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

### 'पराशक्ति' फिल्म के कलाकार भी थे मौजूद

**केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में हाल ही में रिलीज तमिल फिल्म 'पराशक्ति' के कलाकार भी मौजूद थे। अभिनेता शिवकार्तिकेयन और रवि मोहन तथा संगीतकार जीवी प्रकाश कुमार सहित पूरी टीम ने मुरुगन के आवास पर प्रधानमंत्री से मुलाकात की। अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने कहा कि प्रधानमंत्री से मिलना हमेशा सम्मान और खुशी की बात होती है। दिल्ली में पोंगल का आयोजन देश की एकता का संदेश है।**

# हिंदुओं का गला काटने से मिलेगी आजादी', कश्मीर मुद्दे पर लश्कर आतंकी ने उगला जहर

पाकिस्तान की धरती से एक बार फिर मानवता और भारत के खिलाफ नफरत की आग सुलगाने की कोशिश की गई है। प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के एक खूंखार आतंकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर हिंदुओं के नरसंहार की खुली धमकी दे रहा है। यह घटना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (POJK) की है, जिसने एक बार फिर आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के दोहरे चेहरे को बेनकाब कर दिया है।

»» **भड़काऊ भाषण:** 'जिहाद' और हिंसा की अपील लश्कर से जुड़े आतंकी अबू मूसा कश्मीरी ने POJK के रावलकोट जिले के बहेरा गांव में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। वीडियो में आतंकी और वहां मौजूद भीड़ के खतरनाक इरादे साफ नजर आ रहे हैं:।

»» **हिंसक नारा:** कार्यक्रम में भीड़ ने यह विवादित नारा लगाया कि "आजादी भीख मांगने से नहीं, हिंदुओं के गले काटने से मिलेगी।"

»» **आतंक ही रास्ता:** अबू मूसा ने दावा किया कि कश्मीर का समाधान केवल आतंक और तथाकथित 'जिहाद' के जरिए ही संभव है।

»» **संगठन का संबंध:** अबू मूसा लश्कर समर्थित संगठन 'जम्मू-कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट' (JKUM) का सक्रिय सदस्य है। पाक प्रधानमंत्री को भी दी जानकारी? आतंकी ने अपने भाषण में एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि उसने अपने इन कट्टरपंथी विचारों और 'आतंकवाद ही एकमात्र रास्ता' वाले संदेश को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके मंत्रियों तक सीधे पहुंचाया है। नियंत्रण रेखा (LoC) के इतने करीब बिना किसी सरकारी रोक-टोक के इस तरह का आयोजन होना पाकिस्तान की मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

»» **भारतीय एजेंसियां अलर्ट:** बड़ी साजिश का अंदेशा भारतीय खुफिया एजेंसियां इस वायरल वीडियो को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं...

»» **सक्रिय जांच:** एजेंसियों ने वीडियो की तकनीकी जांच और लोकेशन की पुष्टि शुरू कर दी है। पिछला रिकॉर्ड: बताया जा रहा है कि अबू मूसा कश्मीरी ने पहलगाम हमले से पहले भी इसी तरह का भड़काऊ भाषण दिया था, इसलिए इसे नई आतंकी साजिश का संकेत माना जा रहा है।

»» **उद्देश्य:** सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के बयानों का मकसद कश्मीरी युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलना और घाटी में फिर से अशांति फैलाना है। भारत की सुरक्षा एजेंसियां LoC और सीमावर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ा चुकी हैं ताकि किसी भी संभावित घुसपैठ या आतंकी हमले को नाकाम किया जा सके।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में 513 gram अवैध मादक पदार्थ "MD" के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**अपराध क्रमांक- 07/2026 , धारा- 8/22 घटना स्थल- सिद्धेश्वर जालंधर नाथ महादेव मंदिर के पास एम आर 4 रोड, इंदौर**




**आरोपीयों के नाम**

1.निकल निदवानिया नि मंदसौर , 2. मुकेश धनगर उर्फ बबलू नि. मंदसौर एवं 3. कमलेश गायरी नि राजस्थान

जब्त माल का विवरण : - 513.48 ग्राम एमडी व एक दोपहिया वाहन हीरो स्प्लेंडर एवं 03 मोबाइल फोन कुल मश्रूका एक करोड़ रुपए

घटना का विवरण :- प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं इनकी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही कर इनके नेटवर्क को नेस्तनाबूत करने के सख़्त निर्देश माननीय मुख्यमंत्री ,मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिये गए हैं। इसी तारतम्य में इंदौर पुलिस द्वारा अभियान चलाकर लगातार अवैध नशे पर कड़ा प्रहार कर रही है। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा दिनांक 15.01.2026 को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश पतारसी व मुखबिर सूचना संकलन करने के दौरान शहर के सिद्धेश्वर जलधार नाथ महादेव मंदिर के पास एम आर 4 रोड इंदौर सड़क के किनारे एक बाइक खड़ी दिखी जिस पर कुछ लोग बैठे थे जो पुलिस वाहन को देखकर गाड़ी सहित भागने की कोशिश करने लगे जिन्हें घेराबंदी कर रोका और पास जाकर उपरोक्त व्यक्तियो से पूछताछ पर अपना नाम पता (1). निकल निदवानिया नि मंदसौर , (2). मुकेश धनगर उर्फ बबलू नि. मंदसौर एवं (3). कमलेश गायरी नि राजस्थान का होना बताया। जिनकी विधिवत तलाशी लेते 513.48 ग्राम अवैध मादक पदार्थ MD एवं एक दोपहिया वाहन हीरो स्प्लेंडर मौके से जब्त की गई। क्राइम ब्रांच टीम द्वारा 03 आरोपीयो को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस कार्यवाही - आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में अवैध लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर इंदौर शहर में बेचना कबूला है । आरोपीयों से 513.48 ग्राम "MD" जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 07/2026 धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही




कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा *कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में दिनांक-14/01/2026 वृत्त- काछी मोहल्ला में वृत- उप निरीक्षक भगवानदास अहरवार एव टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में दौराने गस्त शंका के आधार चारपहिया वाहन क्रमांक-MP09CF8801 Swift सफेद रंग की गाड़ी को रोककर तलाशी लेने पर उसके अन्दर 18 बोतल Old mounk रम विदेशी मदिरा अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही थी ,को विधिवत् जप्त कर कब्जे आबकारी लिया जाकर वाहन चालक - देवेन्द्र पिता ओमकार खण्डेलवाल निवासी- 223 खातीवाला टैंक, इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया जाकर। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा और वाहन की कुल बाजार मूल्य =512, 600/- कीमत रुपए रही। आज की कार्यवाही में आरक्षक सुश्री सीमा भूरिया, योगेश कुमार मोहविया व वाहन चालक बृजेंद्र राजपूत का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिस द्वारा दुकानों व बाजार में प्रतिबंधित/ चाइनीज मांझे की चैकिंग व निगरानी के साथ ही, छतों व मैदानों में भी किया जा रहा है पतंग उड़ाने वालों को चैक




इंदौरः- मानव जीवन तथा पशु-पक्षियों के जीवन को संकट में डालने वाले नायलॉन वाली डोर तथा शासन द्वारा प्रतिबंधित/चाइनीज मांझा के विरूद्ध जनजागरूकता हेतु हरसंभव प्रयास के साथ ही, इनके क्रय-विक्रय व उपयोग करने वालो पर उचित व प्रभावी वैधानिक कार्यवाही पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में लगातार की जा रही है। इसी अनुक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में इन्दौर पुलिस द्वारा नगरीय इंदौर के सभी थाना क्षेत्रों में पतंग व मांझे की दुकानों/ बाजारों में कड़ी निगरानी व चैकिंग कर चाइनीज मांझे की गतिविधियों में लिप्त लोगो के विरुद्ध प्रभावी व सख्त कार्यवाही की जा रही हैं। साथ ही खुले मैदानों, छतों व ऐसे स्थान जहां पतंग उड़ाई जा रही है वहां जाकर भी चैक किया जा रहा है कि, कोई खतरनाक/प्रतिबंधित मांझे का उपयोग कर पतंग तो नहीं उड़ा रहा, तथा सभी को इसके दुष्परिणाम बताकर जागरूक भी किया जा रहा है जनहित में इंदौर पुलिस की अपील जीवन चुनें, खतरनाक मांझा नहींः राहगीरों और बेजुबान पक्षियों के हत्यारे न बनें। केवल सूती धागाः पतंगबाजी के लिए केवल पारंपरिक सूती धागे (मांझे) का उपयोग करें।

सूचना दें:- यदि आपके क्षेत्र में कोई गुपचुप तरीके से इसे बेच रहा है, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या इंदौर पुलिस के क्राइम वॉच हेल्पलाइन नंबर 7049108283 पर सूचित करें। आपकी एक सूचना किसी की जान बचा सकती है।

# जैन सोशल ग्रुप आइकॉन द्वारा 'कौन बनेगा आइकॉन जीनियस' कार्यक्रम संपन्न



**झाबुआ।** जैन सोशल ग्रुप आइकॉन अपनी अनोखी एवं नवाचारी गतिविधियों के लिए जाना जाता है। इसी कड़ी में समूह द्वारा 'कौन बनेगा आइकॉन जीनियस' नामक मेगा इवेंट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को आइकॉनिक स्वरूप देने के लिए इवेंट की वर्किंग कमेटी पिछले कई दिनों से पूरी लगन के साथ जुटी हुई थी। यह इवेंट ज्ञान और मनोरंजन का अनूठा संगम रहा, जिसे आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से एलईडी स्क्रीन पर आकर्षक और जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नेहा घोड़ावत द्वारा नवकार मंत्र के मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात ज्ञान आधारित इस गेम शो में प्रतिभागियों को चार टीमों में विभाजित किया गया। सभी टीमों के नाम देशभक्ति की भावना को दर्शाते हुए रखे गए। टीमों की कप्तानी इस प्रकार रही—

तेजस – अंकुर भंडारी एवं निशा भंडारी
धनुष – अर्पित सकलेचा एवं श्रुति सकलेचा
ब्रह्मोस– कपिल गादिया एवं परी गादिया
विक्रांत – निशांत शाह एवं पूजा शाह

रोमांचक मुकाबलों के बाद टीम तेजस को विजेता घोषित किया गया। टीम के कप्तान अंकुर भंडारी को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई, वहीं पूरी टीम को गिफ्ट हैम्पर देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका शेलू बाबेल एवं निधि रुनवाल ने कुशलता से निभाई। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन मयंक - निधिता रुनवाल एवं प्रयास -सुहानी बाबेल द्वारा किया गया। इवेंट को सफल बनाने में गौरव जैन, विराट पीतलिया एवं पराग रुनवाल का विशेष योगदान रहा। एडवाइजरी टीम के नीरज गादिया, जय भंडारी एवं दिनेश रुनवाल ने सदैव की तरह मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रदर्शन अंकित रुनवाल एवं निधि रुनवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष संचित शेलू बाबेल ने सभी सहयोगियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों का सादर धन्यवाद ज्ञापित किया। 'कौन बनेगा आइकॉन जीनियस' कार्यक्रम जैन समुदाय में ज्ञान, मनोरंजन एवं तकनीकी नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ, जिसने विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित किया।


# मिनी ब्राजील पहुचे कंबोडिया के फुटबॉल कोच चार्ली पॉमरोय



**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर, जिसे "मिनी ब्राजील" के नाम से जाना जाता है, में कंबोडिया फुटबॉल टीम के कोच चार्ली पॉमरोय का पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके जुनून, अनुशासन एवं प्रतिभा की सराहना की। कोच पॉमरोय ने खिलाड़ियों के स्किल डेवलपमेंट एवं टेक्निक डेवलपमेंट को और सशक्त बनाने हेतु संरचित प्रशिक्षण प्रणाली, पाठ्यक्रम एवं सिलेबस के माध्यम से नियमित प्रशिक्षण दिए जाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर सहायक संचालक खेल, एनआईएस फुटबॉल कोच श्री रईस अहमद, श्री राजीव श्रीवास्तव (सीएसआर हेड, रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट), श्री अनिल सिंह, श्री लक्ष्मी सहाय सहित अन्य कोच तथा बड़ी संख्या में फुटबॉल खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# अवैध रेत परिवहन पर एसडीएम निंगवाल की सख्ती, एक ट्रैक्टर किया जब्त



**दीपक परमार**

करैरा:- करैरा एसडीएम अनुराग निंगवाल ने अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अमोला थाना अंतर्गत टोडा–सिरसौद तिराहे से रेत से भरे एक ट्रैक्टर को पकड़कर अमोला थाने के सुपुर्द किया। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक रेत से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया, जिसके चलते नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि एसडीएम अनुराग निंगवाल के पदभार ग्रहण करने के बाद से लगातार अवैध उत्खनन और परिवहन के मामलों पर सख्त कार्रवाई देखने को मिल रही है, जिससे रेत माफियाओ में हड़कंप मचा हुआ है।

# स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत जनसुनवाई के साथ जल सुनवाई का भी आयोजन जल संबंधी शिकायतों का किया जा रहा त्वरित एवं प्रभावी समाधान

**सलीम हुसैन**

झाबुआ जनवरी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशानुसार प्रदेश में स्वच्छ जल अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान दो चरणों में आयोजित हो रहा है, जिसमें प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक तथा द्वितीय चरण 1 मार्च से 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों की पेयजल से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जल सुनवाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले में आमजन की जल संबंधी समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के साथ अब जल सुनवाई भी आयोजित की जा रही है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर भी जनसुनवाई का आयोजन कर मौके पर ही जल संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।




जल सुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा जल आपूर्ति, पेयजल उपलब्धता, नल कनेक्शन, जलस्तर, पाइपलाइन, पानी की टंकी, हैंडपंप सहित अन्य जल संबंधी समस्याओं से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की जा सकती हैं। प्राप्त शिकायतों की सुनवाई कर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाईन एवं लोकल ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान, वार्ड/मोहल्ला/पंचायत समिति का सशक्तिकरण एवं नियमित बैठकों का आयोजन, वार्ड एवं पंचायत स्तर पर शिकायतों का निराकरण तथा IEC गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता सुनिश्चित की जाएगी। शहरी क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण, झाबुआ तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, झाबुआ नियुक्त किए गए हैं। जल सुनवाई के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित वार्ड एवं पंचायत स्तर की जल संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे जल से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु प्रति मंगलवार आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित होकर जल सुनवाई का लाभ लें।

---

# खोखसर में गायों के लिए लापसी बनाकर खिलाई



**बालोतरा/सुमेर दाधीच**

**गिड़ा पंचायत समिति के खोखसर गांव में गायों के ले गांव वालों ने चंदा कर गऊ माताओ के लिए गांव में मैन बाजार में भटी लगाकर अपने हाथों से लापसी बनाकर खिलाई। गौ भक्तों हर ग्यारस ओर अमावस्या को गायों के लिए हमेशा आगे रहते है व गांव में घूमने वाले आवारा पशुओं के लिए रोजाना चारा की व्यवस्था की हुई हैं ग्रामीणजनो ने गौ भक्तों का आभार जताया है खास बात यह है कि 51 किलो देशी घी की लापसी के लिए अमावस्या के दिन पूर्व में ही चंदन मल दाधीच ने घोषणा कर दी है धन्यवाद गौ भक्तों का।**

# कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा आदतन अपराधी को छह माह के लिए जिला बदर आदेश जारी

**सलीम हुसैन**

झाबुआ जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर नेहा मीना ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनावेदक रामसिंह उर्फ रमजु उर्फ राजु उर्फ रमजिया पिता जुवानसिंह मेडा निवासी ग्राम आमलीफलिया, थाना कोतवाली झाबुआ (वर्तमान पता वागनेरा, थाना कालीदेवी, जिला झाबुआ) के विरुद्ध जिला बदर आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार अनावेदक को आदेश प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर झाबुआ जिले की राजस्व सीमा सहित समीपवर्ती जिले धार, रतलाम, आलीराजपुर एवं बड़वानी की राजस्व सीमाओं से छः माह की अवधि के लिए बाहर जाना होगा। साथ ही इस अवधि में बिना सक्षम न्यायालय की पूर्व लिखित अनुमति के उक्त प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश नहीं कर सकेगा।

पुलिस अधीक्षक, जिला झाबुआ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार अनावेदक वर्ष 2009 से निरंतर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। इसके विरुद्ध थाना झाबुआ एवं थाना कालीदेवी में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती की तैयारी, नकबजनी, छेड़छाड़, आगजनी, वाहन दुर्घटना, मारपीट एवं बलवा जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। अनावेदक के आपराधिक कृत्य सार्वजनिक व्यवस्था एवं लोक शांति को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाले पाए गए हैं।

अनावेदक की गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु पूर्व में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किए जाने के साथ-साथ गुण्डा फाइल भी खोली गई थी, किंतु इसके बावजूद उसकी




आपराधिक प्रवृत्ति में कोई सुधार नहीं हुआ, बल्कि अपराधों में वृद्धि देखी गई। वर्तमान में अनावेदक के विरुद्ध कुल 26 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें से एक वर्ष के भीतर 4 नए अपराध पंजीबद्ध हुए हैं। हाल ही में अनावेदक द्वारा जिला अस्पताल परिसर, झाबुआ में रात्रि के समय बंदूक से फायर कर गंभीर आपराधिक घटना को अंजाम दिया गया।

पुलिस प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अनावेदक एवं उसके परिजनों की दबंग प्रवृत्ति एवं पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड के कारण क्षेत्र में भय का वातावरण व्याप्त है, जिससे आम नागरिक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने एवं न्यायालय में गवाही देने से कतराते हैं। अनावेदक एवं उसके परिवार द्वारा लगातार क्षेत्र की लोक शांति भंग कर कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न की जा रही है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट पाया गया कि यदि अनावेदक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही नहीं की जाती, तो भविष्य में उसके द्वारा गंभीर घटनाएं घटित कर शांति व्यवस्था भंग किए जाने की पूर्ण संभावना है। इसी कारण मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5 (क, ख) के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

# कमिश्नर ने नगरीय निकायो में हो रहे कार्यों की समीक्षा

प्रदीप सिंह बघेल

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में शहडोल संभाग के नगरीय निकायों के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने नगरीय निकायों के अधिकारियो को निर्देश दिए कि संभाग अंतर्गत नागरिको को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि वाटर ट्रीटमेंट प्लान सोर्स प्वाइंट तथा पाईप लाइन की नियमित जांच कराई जाए तथा सुनिश्चित किया जाए कि हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। बैठक में बताया गया कि संभाग के 22 नगरीय निकायों के 379 वार्ड में 1895 पेयजल के किट से सैम्पल लिए गए हैं। जिन में से 1155 सैम्पल की रिपोर्ट मिली है, जो सही पाए गए हैं। कमिश्नर ने शासन के निर्देशानुसार जल सुनवाई के कार्यक्रम आयोजित कर प्राप्त होने वाली शिकायतों का 48 घंटे के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह सीएम हेल्पलाइन में दूषित पानी से संबंधित प्राप्त शिकायतो का निराकरण 48 घंटे भीतर कराना सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने शहडोल नगर में किये जा रहे सीवरेज कार्य की अपेक्षित प्रगति नही होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सीवरेज का कार्य जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए एवं आवश्यकतानुसार रिसोर्सेस बढ़वाएं। आपने निर्देश दिए कि रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। कमिश्नर ने शहडोल संभाग के नगरीय निकायो में विभिन्न योजनाओ के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। कमिश्नर ने पीएम आवास-1.0 की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास जो अब तक शुरू नहीं हुए हैं। उन कार्यो में आरआरसी जारी की जाए तथा शेष आवास साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर नियमित मॉनीटरिंग करते हुए मार्च माह तक पूरे किए जाएं। इसी तरह पीएम आवास-2.0 योजना के तहत हितग्राहियो के सत्यापन तथा सत्यापन पश्चात डीपीआर तैयार करने का कार्य जल्द पूरा किया जाए। कमिश्नर ने अमृत 2.0 के तहत स्वीकृत जल प्रदाय योजना, वाटर वॉडी निर्माण योजना तथा पार्क निर्माण योजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन निकायों में कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, वहां सभी समस्याओं का निराकरण कर कार्य शीघ्र शुरू किए जाएं तथा जहां कार्य शुरू हो गए हैं, उन कार्यों को जल्द पूरा किया जाए। एजेन्सी द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने पर उनके ऊपर पैनाल्टी लगाई जाए। जिन कार्यों में भूमि आवंटन की समस्या है। संबंधित कलेक्टर के माध्यम से भूमि आवंटन की समस्या का निराकरण कराया जाए।



कमिश्नर ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य हेतु पूर्व से ही सभी तैयारियां सुनिश्चित करते हुए शहडोल संभाग पहले से बेहतर की स्थिति में लाने के सभी आवश्यक प्रयास अभी से शुरू किए जाएं। कमिश्नर ने पीएम स्वनिधि योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियो को दिलाना सुनिश्चित करें।

स्वच्छता अभियान के तहत उपयोग किए हुए जल प्रबंधन के लिए स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराएं, सुपर 75 श्रेणी की अवधारणा के तहत चयनित निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत निर्धारित बिन्दुओं की पूर्ति करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की तैयारी करें। बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन श्री आरपी मिश्रा, कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशसन श्री अरविंद शर्मा सहित शहडोल संभाग के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं इंजीनियर्स उपस्थित रहें।

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद चंदन नगर टीआई इंद्रमणि पटेल हटाए गए: 165 केस में 'पॉकेट गवाह' बनाने का गंभीर आरोप

सह संपादक - दीपक वाड़ेकर

इंदौर जुआ-सट्टा और एनडीपीएस (NDPS) जैसे गंभीर मामलों में फर्जी या 'पॉकेट गवाहों' के जरिए केस तैयार करने वाले चंदन नगर टीआई इंद्रमणि पटेल को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पद से हटा दिया गया है। माननीय न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला ने टीआई की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें जमकर फटकार लगाई है।

### कानून के छात्र ने उजागर किया फर्जीवाड़ा

इस पूरे मामले का खुलासा कानून के छात्र असद अली वारसी ने किया। उन्होंने कोर्ट में एक विस्तृत सूची पेश की, जिसमें बताया गया कि इंद्रमणि पटेल के कार्यकाल (23 अक्टूबर 2023 से 23 अक्टूबर 2024) के दौरान दर्ज 165 प्रकरणों में चुनिंदा लोगों को ही बार-बार गवाह बनाया गया था।

### प्रमुख नाम

इन प्रकरणों में सलमान (निवासी नालापार) और आमिर (निवासी आमवाला रोड) को मुख्य रूप से गवाह बनाया गया था। कोर्ट की टिप्पणी: न्यायमूर्ति ने सवाल उठाया कि हर आपराधिक घटना के वक्त आमिर और सलमान ही क्यों मौजूद रहते हैं? उन्होंने टीआई से कहा, "तुम दुर्भाग्य से उस कुर्सी पर बैठे हो, हम आपका आतंक समझ सकते हैं"।



### लाइन हाजिर और विभागीय कार्रवाई

सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के बाद इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार शाम टीआई इंद्रमणि पटेल को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच करने के आदेश जारी कर दिए। डीसीपी जोन-4 आनंद कलादगी ने भी टीआई को हटाए जाने की पुष्टि की है।

### बचाव में टीआई की दलील

सुनवाई के दौरान टीआई इंद्रमणि पटेल खुद कोर्ट में मौजूद थे। उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि ये प्रकरण उनके द्वारा दर्ज नहीं किए गए हैं और इसमें विवेचकों (Investigating Officers) की लापरवाही हो सकती है। हालांकि, कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि थाना प्रभारी होने के नाते यह आपकी सीधी जिम्मेदारी है। क्या होते हैं 'पॉकेट गवाह'? सेवानिवृत्त अधिकारियों के अनुसार, अक्सर आबकारी और एनडीपीएस मामलों में जब ग्रामीण या स्थानीय लोग गवाही देने से इनकार कर देते हैं, तो पुलिस अपने संपर्क के कुछ खास लोगों का नाम गवाह के तौर पर हर केस में डाल देती है। इन्हें ही तकनीकी भाषा में 'पॉकेट गवाह' कहा जाता है, जिनका इस्तेमाल केस को कागजों पर मजबूत करने के लिए किया जाता है। अगली सुनवाई: इस मामले में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होनी तय है।

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जजबातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज"
रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# वेद, गुरुकुल और सांस्कृतिक संरक्षण पर बोले धीरेंद्र शास्त्री, बागेश्वर धाम में गुरुकुल खोलने की घोषणा

**छतरपुर।** अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक बार फिर सनातन संस्कृति और शिक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। जयपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यदि समाज वेदों से दूर होगा तो आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाएंगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वेदों की शिक्षा से ही संस्कार और संस्कृति सुरक्षित रह सकती है। धीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि उनका उद्देश्य देशभर में गुरुकुलों की स्थापना करना है, ताकि सनातनी बच्चे पारंपरिक गुरुकुल शिक्षा प्राप्त कर सकें। इसी क्रम में उन्होंने घोषणा की कि बागेश्वर धाम में गुरुकुल की स्थापना की जाएगी, जहां वेदों और शास्त्रों की



शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भोजन एक दिन तक टिकता है, पानी कुछ समय के लिए, लेकिन विद्या जीवन भर साथ रहती है, इसलिए वेदों की परंपरा को आगे बढ़ाना आवश्यक है।

**आधुनिक तकनीक से वैदिक परंपरा को बढ़ावा** - धीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि वैदिक परंपराओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बीते 4 जनवरी को लगभग तीन लाख लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से एक साथ हवन किया। इसी क्रम में आगामी 12 फरवरी को रात 9 बजे पुनः सामूहिक ऑनलाइन हवन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन घरों में ब्राह्मण नहीं पहुंच पाते या संसाधनों की कमी होती है, वहां ऑनलाइन माध्यम से मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ यज्ञ संपन्न कराया जाएगा, ताकि 'घर-घर यज्ञ' की परंपरा को पुनर्जीवित किया जा सके।

**वेद और यज्ञ की ओर लौटने का आह्वान** - शास्त्री ने कहा कि उनका लक्ष्य देश को पुनः वेद और यज्ञ की गौरवशाली परंपरा से जोड़ना है। इसके माध्यम से समाज को जागृत करना और युवा पीढ़ी में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व का भाव विकसित करना उनका उद्देश्य है।

**कन्या विवाह महोत्सव में संतों का समागम** - बाबा बागेश्वर ने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले कन्या विवाह महोत्सव में विशेष रूप से संतों का समागम होगा। यह आयोजन तीन दिन तक चलेगा–

13 फरवरी को मंडप और हल्दी,
14 फरवरी को संगीत और मेहंदी,
और 15 फरवरी को 300 बेटियों का कन्यादान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिन बेटियों के माता-पिता नहीं हैं, उनका विवाह बागेश्वर धाम द्वारा कराया जाएगा, ताकि उन्हें धर्मगत माता-पिता का संरक्षण मिल सके।

## भोपाल में ऑनलाइन सट्टा गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार; मोबाइल-लैपटॉप-नकदी जब्त

**भोपाल।** भोपाल में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। सट्टा लगाओ, तीन गुना पैसा पाओ का लालच देकर लोगों को फंसाने वाले दो आरोपियों को कोलार थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों



के कब्जे से 16 मोबाइल फोन, 3 लैपटॉप, बड़ी संख्या में सिम कार्ड और 36,250 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार यह मामला कोलार थाना क्षेत्र का है, जहां आरोपी ऑनलाइन क्रिकेट मैचों पर सट्टा खिलाने का नेटवर्क संचालित कर रहे थे। वे अलग-अलग बैंक खातों और नकद के माध्यम से सट्टे की रकम वसूलते थे। सट्टे का पूरा संचालन आशियाना हाइट्स, कोलार रोड स्थित एक फ्लैट से किया जा रहा था। पुलिस ने सर्च वारंट के आधार पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान भोपाल निवासी अमित सुहाने और जबलपुर निवासी अमित रावत के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ अवैध सट्टा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क, लेनदेन और अन्य संभावित सहयोगियों की जानकारी जुटाने में जुटी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदवाड़ा में सुरक्षा पर सवाल, दो छात्र परिसर से लापता

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले के सिंगोड़ी गांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय से दो छात्रों के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है,





जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विद्यालय में अध्ययनरत दोनों छात्र कब और किन परिस्थितियों में परिसर से बाहर निकले, इसका स्पष्ट पता नहीं चल सका है। काफी देर तक छात्रों का कोई सुराग नहीं मिलने पर विद्यालय प्रबंधन ने इसकी सूचना प्रशासन और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे एवं सिंगोड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंचे और विद्यालय प्रबंधन से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्रों के लापता होने के समय, उनकी गतिविधियों तथा विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत पूछताछ की। साथ ही विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाश अभियान शुरू कराया गया। पुलिस द्वारा छात्रों के सहपाठियों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वे किन हालात में परिसर से बाहर गए। इस घटना के बाद एक बार फिर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है, जब विद्यालय में अनुशासन और सुरक्षा से जुड़ी लापरवाही सामने आई हो। इससे पूर्व भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण स्थिति में सुधार नहीं हुआ। घटना को लेकर अभिभावकों में भारी चिंता और नाराजगी देखी जा रही है। वे विद्यालय प्रशासन से छात्रों की सुरक्षित वापसी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

## पेयजल संकट और आयुष्मान भारत पर सरकार को विपक्ष का घेरा, उमंग सिंघार बोले: भाजपा पूरी तरह विफल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पेयजल संकट और आयुष्मान भारत योजना को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में गंभीर विफलता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दोनों ही मोर्चों पर सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

उमंग सिंघार ने कहा कि एमडी इंडिया का टेंडर समाप्त होते ही आयुष्मान मित्र सेवाएं ठप हो गई हैं, जिससे हजारों जरूरतमंद मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने इसे सरकार की लापरवाही बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील योजना को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के छोड़ देना आम जनता के साथ अन्याय है। नेता प्रतिपक्ष ने पेयजल संकट को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पीने के पानी में



सीवेज की मिलावट से 23 लोगों की मौत के बाद नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (हृत्रञ्ज) ने मध्य प्रदेश सहित राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों से जवाब तलब किया है। एनजीटी ने संबंधित राज्य सरकारों, प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो सरकार की बुनियादी व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था पर सवाल** - उमंग सिंघार ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि दूषित पेयजल के कारण फैली बीमारी ने सरकार की तैयारियों की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि दो दशकों से सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा सरकार आज भी स्वास्थ्य और स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित नहीं कर पाई है।

**जवाबदेही तय करने की मांग** - नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केवल घोषणाओं और नारों से जनता का भला नहीं होता। उन्होंने स्पष्ट किया कि ज़मीनी स्तर पर जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले भी उमंग सिंघार ने पानी के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए जनता से अपील की थी कि जब तक उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध न हो, तब तक वे खुद वॉटर ऑडिट करें और सवाल उठाएं।

## ई-अटेंडेंस, ओल्ड पेंशन स्कीम और वेतन विसंगतियों को लेकर कर्मचारियों का आंदोलन तेज, आज मंत्रालय घेराव का ऐलान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने गुरुवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने ई-अटेंडेंस प्रणाली पर तत्काल रोक, पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित कई मांगें उठाईं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। भोपाल में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ और मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। संगठनों ने कहा कि प्रोविजन पीरियड को लेकर उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन किया जाए और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी बंद की जाए।



### ये हैं प्रमुख मांगें

- कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को केंद्र के समान तिथि से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत प्रदान की जाए।
- कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाए।
- उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्णय के आधार पर वर्ष 2019 से नवनियुक्त कर्मचारियों को 70-80-90 प्रतिशत वेतन देने के आदेश पर तत्काल रोक लगाते हुए पिछली तिथि से एरियर का भुगतान किया जाए।
- पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए।
- शिक्षा विभाग एवं अनुसूचित जनजातीय विभाग में पदस्थ शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान/समयमान वेतनमान शीघ्र प्रदान किया जाए।
- लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के लिपिकों के समान ग्रेड पे दिया जाए।
- दैनिक वेतन, स्थायी कर्मी, आउटसोर्स एवं संविदा कर्मचारियों को नियमित पदों पर नियुक्त किया जाए।
- अनुकंपा नियुक्ति एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में ष्टक्क्षष्टञ्ज की अनिवार्यता समाप्त की जाए।
- सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को पीपीओ सहित सभी देयक सेवानिवृत्ति की तिथि पर ही प्रदान किए जाएं।
- ई-अटेंडेंस प्रणाली पर तत्काल रोक लगाई जाए।
- वर्ष 1997 में नियुक्त गुरुजी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता की गणना करते हुए सभी लाभ दिए जाएं।

**आज फिर आंदोलन, मंत्रालय घेराव** - कर्मचारियों ने बताया कि आज शुक्रवार को एक बार फिर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सरकारी सेवा में तीन बच्चों की बाध्यता समाप्त करने और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदनाम में परिवर्तन की भी मांग उठाई जाएगी। संयुक्त मोर्चा में शामिल सात कर्मचारी संगठन मंत्रालय का घेराव कर सरकार पर दबाव बनाएंगे। कर्मचारी संगठनों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026


## दिल्ली में रिकॉर्ड तोड़ कड़ाके की ठंड

# शीतलहर का येलो अलर्ट जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार तीसरे दिन शीतलहर की चपेट में रही। गलन भरी




हवाओं के चलते लोगों को ठिठुरने पर मजबूर होना पड़ा। इस बार शीतलहर का दौर रिकॉर्ड तोड़ सकता है। आज सुबह से ही गलन वाली ठंड पड़ रही है। तापमान भी 5 डिग्री से कम बना हुआ है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार को भी शीतलहर की स्थिति बनी रह सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि बीते पंद्रह वर्षों में यह पांचवां मौका है जब लगातार तीन दिन या उससे ज्यादा शीतलहर की स्थिति बनी है। तीन दिन और ऐसे ही हालात बने रहे तो राजधानी में शीतलहर का दौर रिकॉर्ड तोड़ सकता है। तेज धूप के चलते दिल्ली में इस समय दिन के समय तो मौसम काफी राहत भरा महसूस हो रहा है। लेकिन, बर्फीली हवाओं के चलते शाम, रात और सुबह के समय लोगों उंगलियां सुन्न करने वाली ठंड पड़ रही है। खासतौर पर रात और सुबह के समय लोगों के लिए सामान्य कामकाज भारी पड़ रहा है। बुधवार को लगातार तीसरे दिन शीतलहर की स्थिति बनी रही।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा। हालांकि, आठ बजे के लगभग कुछ जगहों पर कोहरा घना होने लगा।

# पिता ने थप्पड़ बरसाए तो सौतेली मां ने बेहोशी तक डंडों से मारा

## तीनों बच्चों को समझती थी बोझ, सौतेली मां करती थी क्रूरता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छह वर्षीय शिफा की हत्या के मामले में लगातार दिल दहला देने वाले खुलासे हो रहे हैं। घटना वाले दिन शिफा नाली में गिरकर कीचड़ से गंदी हो गई, जिस पर सौतेली मां निशा ने आपा खो दिया। पहले पिता ने थप्पड़ बरसाए और फिर मां ने तब तक डंडे बरसाए, जब तक शिफा अचेत नहीं हुई। बुधवार को दोनों को जेल भेज दिया गया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दूसरे निकाह के कुछ ही दिन बाद से निशा तीनों सौतेले बच्चों के साथ क्रूरता करने लगी थी। छोटी-छोटी बातों पर बच्चों की पिटाई की जाती थी। चप्पल लेकर कमरे में चले जाना, बर्तन इधर-उधर रख देना, बिस्तर के कपड़े ठीक से न तह करना और यहां तक कि ज्यादा खाना मांगने पर भी निशा बच्चों को बेरहमी से मारती थी।

अकरम ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि तीन साल पहले उसकी पहली पत्नी गुलजार की मौत हो चुकी है। वर्ष 2023 में उसने मेरठ के किठौर निवासी निशा से निकाह किया। अकरम के मुताबिक पहली पत्नी से पैदा तीनों बच्चों को निशा बोझ समझती थी और घर छोड़कर जाने की धमकी देती थी। उसे डर था कि दूसरी पत्नी भी चली गई तो वह तीनों बच्चों को कैसे पालेगा। इसी डर में वह निशा परवीन का साथ देता रहा और बच्चों पर हो रही मारपीट को रोक नहीं पाया।

10 जनवरीः वेव सिटी पुलिस के मुताबिक 10 जनवरी की शाम करीब छह बजे शिफा खेलते-खेलते नाली में गिर गई थी, जिससे उसके शरीर पर कीचड़ लग गया। इसी बात को लेकर निशा आग-बबूला हो गई और फोन कर अकरम को बुला लिया। अकरम भी गुस्से में आ गया और उसने भी बच्ची को थप्पड़ मारे।




इसके बाद निशा ने डंडे बरसाए।

**11 जनवरीः** शिफा अचेत अवस्था में रही और सौतेली मां ने उसे खाने तक को नहीं पूछा। दोपहर तक शिफा में कोई हलचल न होने पर घबराए अकरम ने उसे पहले मसूरी फिर पिलखुवा और फिर मेरठ में डॉक्टर को दिखाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। रात करीब तीन बजे बच्ची के ननिहाल सूचना दी गई कि शिफा की हालत ज्यादा खराब है। 12 जनवरीः अकरम और निशा ने आनन-फानन में शव को सुपुर्देखाक करने की तैयारी शुरू कर दी। अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी कि ननिहाल पक्ष के लोग पहुंच गए।

# नेपाली कांग्रेस पार्टी में पड़ी फूट, गगन थापा चुने गए नए अध्यक्ष, 5 मार्च को देश में होंगे आम चुनाव

**काठमांडु, एजेंसी।** नेपाली कांग्रेस पार्टी बुधवार को औपचारिक रूप से विभाजित हो गई। दरअसल, महासचिव गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा के



नेतृत्व वाले दो गुटों और पार्टी अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के बीच वार्ता किसी समझौते पर नहीं पहुंच सकी। सर्वसम्मति से 49 वर्षीय थापा को विशेष आम सम्मेलन में नेपाली कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष चुना गया था।देश की सबसे पुरानी और बड़ी पार्टी अंततः तब विभाजित हो गई, जब थापा और शर्मा द्वारा देउबा से पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की अंतिम समय की मांग को अस्वीकार कर दिया गया। दोनों महासचिवों ने देउबा से शीर्ष पद छोड़ने और आगामी संसदीय चुनाव न लड़ने का आग्रह किया, ताकि सितंबर में हुए जेन जी आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले युवा पीढ़ी की भावनाओं का सम्मान करते हुए एक संरक्षक की भूमिका निभाई जा सके। नेपाल में आम चुनाव पांच मार्च को होने वाले हैं। भ्रष्टाचार और इंटरनेट मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व वाले जेन जी समूह द्वारा सरकार के विरुद्ध हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद के पी शर्मा ओली के नौ सितंबर को इस्तीफे के बाद चुनाव कराना आवश्यक हो गया था।

73 वर्षीय सुशीला कार्की 12 सितंबर को अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं और उनकी सिफारिश पर राष्ट्रपति ने प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया और पांच मार्च को चुनाव की तारीख की घोषणा की।

## ● रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप का बड़ा बयान

# जंग रोकने में पुतिन नहीं, जेलेंस्की बन रहे हैं बाधा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध को खत्म करने वाले संभावित शांति समझौते में रुकावट रूस की तरफ से नहीं, बल्कि यूक्रेन की तरफ से आ रही है। ट्रंप का सीधा आरोप है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन डील के लिए तैयार हैं, लेकिन यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इसमें ज्यादा उत्सुक नहीं दिख रहे। यह बयान ऐसे समय आया है जब यूरोपीय सहयोगी लगातार कहते रहे हैं कि मॉस्को युद्ध खत्म करने में कोई रुचि नहीं रखता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में बुधवार को दिए इस इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि वह (पुतिन) डील करने के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि यूक्रेन इससे कम तैयार है। जब उनसे पूछा गया कि अमेरिका के नेतृत्व वाली बातचीत से अब तक यूरोप के द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़े जमीनी संघर्ष को क्यों नहीं सुलझाया जा सका, तो ट्रंप ने सिर्फ एक शब्द में जवाब दिया- जेलेंस्की। ट्रंप के इस बयान से लगता है कि वे यूक्रेनी नेता से दोबारा नाराज हैं। ट्रंप और जेलेंस्की का रिश्ता शुरू से ही उतार-चढ़ाव भरा रहा है। हालांकि, ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के पहले साल में दोनों के बीच बातचीत कुछ बेहतर हुई थी। लेकिन अब ट्रंप ने फिर से जेलेंस्की पर इल्जाम लगाया है कि वे समझौते से पीछे हट रहे हैं।

## चीनी सैन्य गतिविधि बढ़ी, पीएलए के नौ लड़ाकू विमान और 11 युद्धपोत ट्रैक किए गए

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान और चीन के बीच जारी तनाव के बीच एक बार फिर चीनी सेना की गतिविधियों में इजाफा देखा गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने अपने क्षेत्र के आसपास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 9 लड़ाकू विमानों और 11 चीनी नौसैनिक जहाजों की मौजूदगी दर्ज की है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन सभी 9 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में प्रवेश किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास 9 पीएलए विमान और 11 पीएलएएन जहाजों की गतिविधि दर्ज की गई। सभी विमानों ने मध्य रेखा पार की। स्थिति पर नजर रखी गई।

# कौन जीतेगा महाराष्ट्र का महासंग्राम? नगर निकाय चुनाव के लिए दांव पर 1700 उम्मीदवारों की किस्मत

बीएमसी चुनाव महाराष्ट्र की राजनीति में तीखे टकराव का केंद्र बन चुका है, जहां महायुति (भाजपा–शिवसेना शिंदे गुट–राष्ट्रवादी अजित पवार) और महाविकास आघाड़ी (कांग्रेस–शिवसेना उद्धव गुट–राष्ट्रवादी शरद पवार) के बीच सत्ता की जंग छिड़ी हुई है. बीजेपी इस चुनाव को 2024 विधानसभा जीत के बाद स्थानीय स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने का सुनहरा मौका मान रही है, जबकि उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट और विपक्ष पिछले तीन वर्षों के बीजेपी शासित राज का भ्रष्टाचार और विकास ठप्प का मुद्दा बनाकर वापसी की उम्मीद लगाए है. इस बीच गुरुवार (15 जनवरी) को महाराष्ट्र में बीएमसी सहित 29 महानगरपालिका चुनावों के लिए सिंगल चरण में होने वाली वोटिंग शुरू होने वाली है।

**कब शुरू होगी वोटिंग?**- बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) के 227 वार्डों में सुबह सात बजकर 30 मिनट से शाम पांच बजकर 30 मिनट तक वोटिंग चलेगी, साथ ही दूसरे निगमों में भी इसी समय वोटिंग होगी. राज्य चुनाव आयोग ने 15 दिसंबर 2025 को नोटिफिकेशन जारी कर चुनाव प्रक्रिया शुरू की थी. गुरुवार को वोटिंग संपन्न होने के अगले ही दिन शुक्रवार 16 जनवरी को सुबह दस बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी. पिछले बीएमसी चुनाव में शिवसेना ने 84 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी, लेकिन गठबंधन टूटने के बाद अब बीजेपी 114 बहुमत के आंकड़े को टार्गेट कर रही है।

# सिवनी में फिल्मी स्टाइल में जेल ब्रेक कर 3 कैदी फरार

● एनकाउंटर के डर से परिजन घबराए,खुद सरेंडर कराने पहुंचे

**सिवनी।** मध्य प्रदेश की एक जेल को तोड़ने के लिए कैदियों ने फिल्मी अंदाज में फुलप्रूफ प्लान बनाया, उस पर चलते हुए वे जेल से फरार होने में सफल हो गए। तीनों कैदी दुष्कर्म के केस में बंद थे। शाम को कैदियों की गिनती हुई और तीन कैदी कम मिले तो जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। सिवनी जिला जेल से बलात्कार के तीन आरोपी कैदी फिल्मी अंदाज में जेल की दीवार फांदकर फरार हो गए थे।



जेल प्रशासन में हड़कंप के बाद पुलिस ने सर्चिंग शुरू की और सख्ती दिखाई तो चंद घंटों बाद परिजन खुद उन्हें लेकर जेल में बंद कराने पहुंच गए। दरअसल पुलिस ने तीनों के परिजन पर दबाव बनाकर फरार कैदियों को सरेंडर कराने की बात कही थी। यदि सरेंडर नहीं करते तो पुलिस उनका एनकाउंटर कर देगी। जिसके बाद परिजन दहशत में आ गए और देर रात परिजन खुद तीनों आरोपियों को लेकर सिवनी जिला जेल पहुंच गए थे। तीनों कैदियों ने जेल प्रशासन के सामने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वाले आरोपियों की पहचान अंकित पिता श्रीवाल, विशाल पिता छिद्दी लाल और विशाल पिता ब्रह्मानंद के रूप में हुई है।

# एआई कॉन्फ्रेंस में सीएम ने बताए बुद्धि के तीन प्रकार

## कहा-यंत्र,मंत्र,तंत्र में दुनिया उलझी,इन पर षड्यंत्र भारी है




**भोपाल।** राजधानी भोपाल के होटल ताज में आयोजित रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय परंपरा, दर्शन और आधुनिक तकनीक को जोड़ते हुए कहा कि दुनिया आज मंत्र, यंत्र और तंत्र में उलझी है, लेकिन इन सबसे भारी एक और तंत्र है- षड्यंत्र। उन्होंने चेताया कि एआई और तकनीकी प्रगति के बीच इतना सूक्ष्म अंतर करना होगा कि विकास की दौड़ में मानव की मूल प्रकृति नष्ट न हो। मुख्यमंत्री ने तिरुपति बालाजी दर्शन की लंबी कतार का किस्सा सुनाते हुए कहा कि एक नवदंपति में पति 'गोविंदा-गोविंदा' बोल रहा था, जबकि पत्नी कह रही थी-आगे वाला बोले वही सही है। कारण बताते हुए सीएम ने मुस्कराकर कहा-हमारे यहां पत्नी पति का नाम नहीं लेती, पति का नाम गोविंदा था। इसी से जोड़ते हुए उन्होंने मंच पर पहले हुए प्रभावी भाषणों का जिक्र किया और कहा-मुझे भी लग रहा है कि आगे वाला जो बोले वही सही है। **मध्य प्रदेश ज्ञान और साधना की भूमि है**- मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश ज्ञान और साधना की भूमि है। भगवान कृष्ण के ज्ञानार्जन का केंद्र सांदीपनि आश्रम यहीं है और शंकराचार्य जी का ध्यान-केंद्र ओंकारेश्वर भी मप्र में स्थित है। उन्होंने कहा,अगर हम बुद्धि और विवेक में अंतर करने लगें तो ऐप क्या करेगा।

● एआई नीति, मिशन और सेक्टरल संभावनाएं- मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मध्य प्रदेश एआई नीति लाने जा रहा है और एआई मिशन पर भी काम करेगा। उन्होंने बताया कि स्पेसटेक पॉलिसी हाल ही में लाई गई है। माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में एआई की बड़ी संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा, नौ करोड़ आबादी वाले राज्य में अपार संभावनाएं हैं। मप्र संभावनाओं से भरा राज्य है और आप सबकी मदद से हम आगे बढ़ रहे हैं। सम्मेलन में बताया गया कि स्टैंडर्ड के साथ एआई की मदद से अगले तीन महीनों में कुपोषित होने वाले बच्चों का आकलन करेगा। साथ ही वेक्टर बॉर्न डिजीज के संभावित आउटब्रेक का पूर्वानुमान भी लगाया जाएगा। कृषि क्षेत्र में फसल, मौसम और उत्पादन बढ़ाने के लिए भी एआई का उपयोग हो रहा है। इस सत्र में मुख्य सचिव अनुराग जैन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे और एमडी आशीष वशिष्ठ मौजूद रहे। अभिषेक सिंह ने कहा कि भारत फरवरी में ग्लोबल एआई समिट होस्ट करने जा रहा है। भारत एआई डेवलपमेंट में दुनिया में तीसरे स्थान पर है और अब तक 7 रीजनल समिट हो चुकी हैं।

# इंदौर में 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' अभियान की शुरुआत

● ख्यात लेखक चेतन भगत ने युवाओं को जीवन और राष्ट्र सेवा के मंत्र दिए

## शहरभर के उद्योगपति, पत्रकार, समाजसेवी, विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे

**इंदौर।** इंदौर में संस्था सेवा सुरभि की अगुवाई में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' अभियान का उद्घाटन प्रसिद्ध लेखक और मोटिवेशनल स्पीकर चेतन भगत के उद्बोधन के साथ हुआ। कार्यक्रम बॉस्केटबॉल स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें शहर के उद्योगपति, पत्रकार, समाजसेवी, विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत, दीप प्रज्वलन, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट जैसी औपचारिकताओं से हुई। सांसद शंकर लालवानी, उद्योगपति विनोद अग्रवाल और नवीन खंडेलवाल सहित अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सत्यनारायण पटेल को आयोजन में सहयोग देने के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। उद्घाटन सत्र में चेतन भगत ने 'मैं भारत के लिए क्या कर सकता हूँ' और 'जनरेशन, नेशन बिल्डिंग और न्यू इंडिया' जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं को जीवन में सफलता के पांच स्टेप्स और देश सेवा के मार्ग पर प्रेरित किया और उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। उनका हल्का-फुल्का अंदाज और व्यावहारिक मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए आकर्षक और शिक्षाप्रद रहा। इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन के निखित मंगल ने चेतन भगत का संक्षिप्त परिचय देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अभियान के तहत रीगल चौराहे पर इंडिया गेट की भव्य प्रतिकृति स्थापित की गई है। संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा, निकेतन सेठी, मोहन अग्रवाल और अतुल शेठ ने बताया कि 16 से 25 जनवरी तक सुबह 8 से 10 बजे विभिन्न स्कूलों के छात्र राष्ट्रभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है और पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।




**अभियान के अंतर्गत 15 जनवरी से 30 जनवरी तक कुल 10 बड़े आयोजन किए जाएंगे। प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार हैं:**

**16 जनवरी:** एसजीएसआईटीएस के एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स का मार्चपास्ट और शहीदों को आदरांजलि।

**17 जनवरी:** अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों की रैली और रवींद्र नाट्यगृह में पुणे के कलाकारों द्वारा देशभक्ति संगीत संध्या।

**19 जनवरी:** पर्यावरणविद डॉ. ओ.पी. जोशी द्वारा छात्रों से संवाद।

**20 जनवरी:** जाल सभागृह में अंतरविद्यालयीन देशभक्ति संगीत प्रतियोगिता।

सांसद शंकर लालवानी, संभागायुक्त सुदाम खाड़े और कलेक्टर शिवम वर्मा ने शहरवासियों से इस रचनात्मक और प्रेरणादायक अभियान में सक्रिय भाग लेने की अपील की। इस प्रकार, चेतन भगत के प्रेरक उद्बोधन और विभिन्न सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में जीवन कौशल और देशभक्ति की भावना जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है।



# पानी में 'जहर' और 15 लाख पेड़ों की बलि, एनजीटी ने सरकार से कहा- ऐसा नहीं चलेगा

**भोपाल :** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में पेयजल की बदहाली और पर्यावरण के साथ हो रहे खिलवाड़ पर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। ट्रिब्यूनल ने इन तीन राज्यों की सरकारों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

### मीडिया रिपोर्ट्स पर लिया संज्ञान

मीडिया रिपोर्टों का स्वतः संज्ञान लेते हुए एनजीटी ने माना है कि लोगों के घरों तक पहुंचने वाला पानी अब पीने लायक नहीं बचा है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पुरानी और जर्जर पाइप लाइनों की वजह से सीवेज का गंदा पानी पेयजल में मिल रहा है।

### डराने वाली हैं खबरें

इंदौर और भोपाल में खौफनाक मंजर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और मिनी मुंबई कहे जाने वाले इंदौर से डराने वाली खबरें हैं। इंदौर में गंदे पानी के सेवन से मौतें होने का हवाला दिया गया है, वहीं भोपाल के कई इलाकों में 'ई-कोलाई' जैसे खतरनाक बैक्टीरिया पाए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भोपाल के आदमपुर और हरिपुरा जैसे क्षेत्रों में भूजल पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है, जिससे लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में हैं।

### काटे जा रहे हैं पेड़

एक तरफ पानी में जहर घुल रहा है, तो दूसरी तरफ मध्य प्रदेश में विकास के नाम पर हरियाली का गला घोंटा जा रहा है। एनजीटी ने संज्ञान लिया है कि सड़कों, रेलवे और कोयला खदानों के लिए एमपी में करीब 15 लाख पुराने पेड़ों को काटा जा चुका है या काटने की तैयारी है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और विदिशा जैसे शहरों में इस भारी कटाई के कारण हवा (AQI) भी अब जहरीली होने लगी है।सरकार से जवाब तलब एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और डॉ. ए. सेंथिल वेल ने इस मामले को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और जल प्रदूषण अधिनियम का गंभीर उल्लंघन माना है। ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट कर दिया है कि नागरिकों को सुरक्षित पानी देना सरकार की जिम्मेदारी है और इस लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी।